भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2007

जिसका उत्तर 20.12.2023 को दिया जाना है

हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्ग

2007. श्री कार्तिकेय शर्मा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई कितनी है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान हरियाणा राज्य में कुल कितनी लंबाई के राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है; और

(ग) हरियाणा राज्य में चल रही और प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़क अवसंरचना परियोजनाओं की कुल लंबाई कितनी है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) वर्तमान में हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की कुल लंबाई 3391 किमी है।

(ख) पिछले पांच वर्षों यानी 2018-19 से 2022-23 के दौरान हरियाणा राज्य में निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 1500 किमी है।

(ग) राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास एक सतत प्रक्रिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजनाएं यातायात आवश्यकताओं, परस्पर प्राथमिकता और निधि की उपलब्धता के आधार पर शुरू की जाती हैं। हरियाणा राज्य में 942 किलोमीटर की लंबाई वाली 40459 करोड़ रुपये की कुल 38 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

*****